दि. 30 अगस्त 2022

राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के राजभाषा कक्ष एवं
हिंदी विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित

एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला

कार्यालयी हिंदी एवं प्रशासनिक अनुवाद की उपादेयता

स्लाईड-शो प्रस्तुतीकरण

दि. 30 अगस्त 2022

'अत्यंत सहज एवं सरल है गुगल टूल, आनंद लीजिए - डॉ वेदप्रकाश

राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के राजभाषा कक्ष एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में दि. 30 अगस्त 2022 आयोजित एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का विषय 'कार्यालयी हिंदी एवं प्रशासनिक अनुवाद की उपादेयता' था। विशेष रूपसे इस हिंदी कार्यशाला में विश्वविद्यालय के प्रशासन एवं स्थापना अनुभाग तथा वित्त एवं लेखा अनुभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीवृंद सम्मिलित हुए थे।

एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला में 'कार्यालयी हिंदी एवं प्रशासनिक अनुवाद की उपादेयता' विषय पर स्लाईड शो द्वारा प्रस्तुतीकरण करते हुए मुख्य वक्ता डॉ.वेदप्रकाश बोरकर

हिंदी कार्यशाला के मुख्य वक्ता हिंदी भाषा तज्ञ, रचनाकार, विचारक एवं हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.वेदप्रकाश बोरकर थे। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ.वेदप्रकाश ने अपने स्लाईड-शो प्रस्तुतीकरण में कहा कि संवैधानिक दायित्वों को पूर्ण करते हुए राजभाषा हिंदी को और अधिक सरल बनाने के लिए हिंदी विभाग दृढ संकल्प एवं निरंतर प्रयासरत है। संघ की राजभाषा नीति के अनुसार, हमारा संवैधानिक दायित्व है कि हम राजभाषा संबंधित अनुदेशों का अनुपालन तत्परता एवं पूरी निष्ठा के साथ करें। हम स्वयं मूल कार्य हिंदी में करते हुए अन्य अधिकारियों कर्मचारियों से भी राजभाषा अधिनियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं ताकि प्रशासन में पारदर्शिता आए एवं आमजन सभी सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ निर्बाध रूप से उठा सके।

विशेषतः प्रतिभागियों को हिंदी में कार्य करने हेतु प्रशासनिक शब्दावली की लिखित सामग्री प्रदान की गई। डॉ.वेदप्रकाश ने कार्यशाला में ई-अनुवाद की दिशाएँ एवं संभावनाएँ, हिंदी की वर्तनी और देवनागरी लिपि का मानकीकरण, हिंदी में उपलब्ध महत्त्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर विस्तृत प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति के प्रशासन एवं स्थापना अनुभाग तथा वित्त एवं लेखा अनुभाग के चयनित अधिकारी एवं कर्मचारीवृंद प्रतिभागी के रूप में

साथ ही गूगल वाईस टाइपिंग एवं अनुवाद टूल, यूनिकोड का प्रयोग, कार्यालयीन महत्त्वपूर्ण वाक्यांश अंग्रेजी से हिंदी, पत्र व्यववहार में प्रयोग होने वाले कुछ वाक्यांश हिंदी-अंग्रेजी, कार्यालय में अधिकांशतः प्रयोग होने वाले वाक्यांश तथा नेमी टिप्पणियों आदि बिंदुओं पर सम्यक् प्रकाश डाला। विषयवस्तु बोध हेतु परीक्षणार्थ गतिविधि के रूप में उपस्थित प्रतिभागियों को हिंदी में अंग्रेजी प्रशासनिक शब्दों एवं वाक्यांशों का अनुवाद एवं अंग्रेजी प्रशासनिक शब्दों का हिंदी में अनुवाद करने हेतु अभ्यास कार्य प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों में प्रशासन एवं स्थापना अनुभाग के सहायक कुलसचिव श्री.शरत कुमार, श्री.पि. कृपाकर, श्री.के. पृथ्वी राज, डा.सि.वनिता, श्रीमती वै. सिरीषा एवं वित्त एवं लेखा अनुभाग के सहायक कुलसचिव डॉ.यू.वी.शेष कुमार, श्री.जी.चेन्नाकेसावुलु, श्रीमती के.नागवेनी, श्री.ई.विनय कुमार, श्री.एन.भरत राज आदि उपस्थित थे।